>

Title: Need to upgrade Bhuj Airport as International Airport and also operate Air India Flight service between Bhuj and Mumbai on daily basis and also introduce a direct flight between Bhuj and Delhi-laid.

श्री विनोद लखमशी चावड़ा (कच्छ): गुजरात में एक मात्र अहमदाबाद ही अंतर्राष्ट्रीय सुविधा युक्त एयरपोर्ट है, जहां से कच्छ 400 कि. मी. की दूरी पर है । भुज सुविधा जनक एयरपोर्ट को अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा मिले तो ओमान, दुबई, मस्कट, यूके, अफ्रीका,आस्ट्रेलिया, व अमरिका जैसे देशों के साथ हमें आने जाने में सीधा संपर्क हो सकेगा । कच्छ विश्वस्तर पर प्रवासन धाम है । दो महा बंदर और इंडस्ट्रियल एरिया कच्छ में स्थित है । लाखों कच्छी विदेश में कारोबार के लिए स्थित है । वे पारिवारिक, सांस्कृतिक सामाजिक तौर पर कच्छ से जुड़े हुए है ऐसी स्थिति में उन्हें मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नजदीक लगता है जहां से उन्हें कच्छ आने में 12 घंटे से भी ज्यादा समय लग जाता है । अतः आपसे यही अनुरोध करते हुए मेरी आपसे और कच्छ के लोगों की मांग हैं कि कच्छ भुज एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा उपलब्ध कराई जाये, ऐसा मेरा विनम्र अनुरोध है ।

भुज-मुबंई के बीच वर्तमान समय में एयर इंडिया की सप्ताह में तीन दिन विमान सेवा कार्यरत है । अगर भुज-मुम्बई दैनिक सेवा शुरू हो और अन्य एयर लाइन्स विमान सेवा भी दैनिक हो जाये तो कच्छ स्थित लोगों को और अनिवासी भारतीयों को समय की बचत होगी और पर्यटकों का भी रूख ज्यादा बढ़ेगा और इसी उम्मीद के साथ आपसे मांग है कि दिल्ली से भुज के लिये कोई एक डाईरेक्ट विमान सेवा शुरू की जाये ऐसा यहाँ के लोगों की काफी अरसे से मांग है ।